# गोफ्रूगल ने उत्पादों के नए ईज़ी सूट को लॉन्च किया



पुणे, 11 दिसंबर (भा.प्र.) : भारत की सबसे तेजी से बढ़ती क्लाउड ईआरपी कंपनी गोफ्रूगल ने आज रिटेल, रेस्तरां और डिस्ट्रीब्यूशन व्यवसायों के लिए रिटेल ईज़ी, सर्व ईज़ी , और मैनेज ईज़ी सहित 'ईज़ी सूट' उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की। रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सीईओ कुमार राजा गोपालन ने पारंपरिक खुदरा उद्योग के लिए उन्नत तकनीकों जैसे एआई और एमएल का उपयोग करते हुए कंपनी के अपनी तरह के पहले एक्सपेरिएंशल डिजिटल स्टोर का शुभारंभ किया।

रिसर्च रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत का खुदरा उद्योग 14 मिलियन खुदरा व्यापारियों के द्वारा 700 बिलियन डॉलर रहने की उम्मीद है। इसमें से, एमएसएमई सेगमेंट का बाजार की आवश्यकताओं का 60-90% योगदान है। जहाँ खुदरा व्यवसाय हलचल मचाने के लिए तैयार है, वहीं रेस्तरां उद्योग उन्नत तकनीकी के सहयोग से निरंतर आगे बढ़ रहा है। पारंपरिक रेस्तरां आज क्लाउड किचेन और ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स के उदय के कारण उपभोक्ताओं के व्यवहार में हो रहे बदलाव को देख रहे हैं।